स्तर 3 (सप्ताह 9)

तरह-तरह की रचनाएँ पढ़ना और लिखना

उद्देश : बच्चों की समझ के साथ पढ़ने और लिखने की क्षमता विकसित करना।

साहित्य : अखबार, किताब, बाल साहित्य की किताब, पोस्टर, विज्ञापन, मोबाईल, इंटरनेट, कॉपी और पेन

समय : 10 से 15 मिनट

प्रक्रिया :- बच्चों को अख़बार, कहानी/कविता, पोस्टर्स/विज्ञापन पढ़कर सुनाने के लिए कहा जा सकता है। इसके लिए पाठ्यपुस्तक के अतिरिक्त मोबाईल, इंटरनेट, तथा अन्य बाल साहित्य का प्रयोग किया जा सकता है। पढ़ी हुई सामग्री पर उनसे बातचीत की जा सकती है, सवाल पूछे जा सकते हैं? उनकी प्रतिक्रिया पूछी जा सकती है? और वे स्वयं प्रश्न बना सकते हैं? यह चर्चा मौखिक और लिखित दोनों प्रकार की हो सकती है। लिखित कार्य के विभिन्न प्रश्नों का इस्तेमाल किया जा सकता है| जैसे- बहुविकल्पी प्रश्न, सही-गलत, पर्यायवाची और विलोम शब्द आदि।

पोस्टर/ विज्ञापन पढ़ना, बनाना और सूचना लिखना

उद्देश : लेखन कौशल्य विकसित करना।

साहित्य : कार्डशीट, कॉपी और पेन

समय : 15 से 20 मिनट

प्रक्रिया :- अपनी पसंद के विषय पर पोस्टर, विज्ञापन बना सकते हैं, सूचना लिख सकते हैं| जैसे- कोरोना की रोकथाम के लिए घर में रहने की सलाह देना, इससे जुडी जरुरी बातों की सूची बनाना, आदि। इसके लिए बड़ों की सहायता ले सकते हैं।